देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 30.05.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राज्य में पिछले 36 घंटों के दौरान चार अलग–अलग दुर्घटनाओं में आठ लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि छह लोग घायल हुए हैं।
- सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में बाधा को देखते हुए तेल कंपनियों को 30 दिन का एलपीजी भंडार संरक्षित करने का निर्देश दिया।
- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई ने कहा है कि उसका पोस्ट रिजल्ट एक्टिविटी पोर्टल सोमवार पहली जून से सक्रिय हो जायेगा।
- श्री केदारनाथ मंदिर में नई व्यवस्था के तहत सुगम दर्शन के लिए वीआईपी श्रद्धालुओं को 1100 शुल्क देना होगा।

दुर्घटना

राज्य में पिछले 36 घंटों के दौरान हुई चार अलग–अलग दुर्घटनाओं में आठ लोगों की मृत्यु हो गई है, जबकि छह लोग घायल हुए हैं।

चमोली जिले के ल्वाणी गांव के पास आज सुबह लगभग चार बजे एक ईको वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वाहन में सवार छह लोगों में से तीन की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद एयर एम्बुलेंस के माध्यम से ऋषिकेश स्थित एम्स भेजा गया है। उधर, अल्मोड़ा जिले में कल हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर के गहरी खाई में गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, हवालबाग विकासखंड के अंतर्गत अल्मोड़ा–बागेश्वर मोटर मार्ग पर सुंदरपुर गांव से लगभग आठ किलोमीटर आगे बागेश्वर की ओर जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर करीब पांच सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

वहीं, उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी के पास कल एक कार दुर्घटना में दो लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। बताया गया है कि गंगनानी से उत्तरकाशी की ओर आ रही कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। वाहन में कुल पांच लोग सवार थे। बचाव अभियान के दौरान एक महिला और एक पुरुष को मृत घोषित किया गया, जबकि तीन घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटवाड़ी भेजा गया। इस बीच, गंगोत्री धाम में गंगा घाट पर स्नान के दौरान एक महिला की नदी में डूबने से मृत्यु हो गई।

पश्चिम एशिया संघर्ष

केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में बाधा को देखते हुए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को 30 दिन का एलपीजी भंडार संरक्षित करने का निर्देश दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कल नई दिल्ली में यह जानकारी दी।

संयुक्त सचिव ने कहा कि सरकार रणनीतिक भंडारों के माध्यम से ईंधन सुरक्षा मजबूत करने और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने बताया कि किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर आपूर्ति की कमी की कोई सूचना नहीं है।

एनटीए

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई ने कहा है कि उसका पोस्ट रिजल्ट एक्टिविटी पोर्टल सोमवार पहली जून से सक्रिय हो जायेगा। आवेदन करने के इच्छुक विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन की पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए यह पोर्टल शुरू किया जा रहा है। इससे मूल्यांकन का सर्वोच्च मानदंड स्थापित होगा।

नीट पेपर

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि नीट पेपर लीक मामले में चूक की जिम्मेदारी तय की जानी होगी। न्यायमूर्ति पी.एस.नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ कल इस मामले में दायर याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। इनमें एक याचिका में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए के पुनर्गठन या इसे हटाने का निर्देश देने और इसके स्थान पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिये एक सशक्त और स्वायत्त निकाय के गठन की मांग की गयी थी। पीठ ने केंद्र से हलफनामा दायर करने को कहा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई जुलाई के दूसरे सप्ताह में होगी।

महाधिवक्ता तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि सरकार युवाओं के लिये चिंतित है और यह सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है कि आगे ऐसी कोई चूक न हो।

केदारनाथ वीआईपी दर्शन

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित बाबा केदारनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं को भीड़ को देखते हुए दर्शन व्यवस्था में बदलाव किए गए हैं। श्री बदरी–केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने नई मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी जारी कर दी है। नई व्यवस्था के तहत अब सुगम दर्शन के लिए वीआईपी श्रद्धालुओं को 1100 शुल्क देना होगा।

बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी सोहन सिंह रांगड़ ने बताया कि यह व्यवस्था यात्रा संचालन को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से लागू की गई है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या, खराब मौसम और लंबी कतारों की समस्या को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन

चमोली जिले की नीति घाटी में कल से दो दिवसीय 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' का आयोजन किया जाएगा। उत्तराखंड पर्यटन विभाग और भारतीय सेना के समन्वय से आयोजित यह प्रतियोगिता सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने और सीमावर्ती क्षेत्रों को नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

अल्ट्रा रन में 75 किलोमीटर, 42 किलोमीटर, 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की विभिन्न श्रेणियां शामिल हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले धावकों को ऊंचाई, कम ऑक्सीजन और बदलते मौसम जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना होगा।

जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन का एक प्रमुख उद्देश्य सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देना है। इस आयोजन के माध्यम से देशभर के लोग नीति घाटी की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विविधता से परिचित होंगे।

पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पवार ने बताया कि इस आयोजन के लिए सेना से समन्वय स्थापित कर सभी सुरक्षा के उपाय पूर्ण कर लिए गए हैं।

हिंदी पत्रकारिता दिवस

आज हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जा रहा है। इसी दिन वर्ष 1826 में पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने हिंदी के प्रथम समाचार पत्र ''उदन्त मार्तण्ड'' का प्रकाशन शुरू किया था। यह दिवस हिंदी पत्रकारिता के योगदान, उसके इतिहास और समाज में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्मरण करने का अवसर है।

हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता लोकतंत्र की सशक्त आवाज रही है और समाज में जनजागरूकता बढ़ाने तथा जनभावनाओं को अभिव्यक्ति देने में इसकी महत्वपूर्ण

भूमिका रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता वर्तमान समय में समाज और शासन के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में कार्य कर रही है।

वहीं, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने भी हिंदी पत्रकारिता दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निष्पक्षता, विश्वसनीयता और जनहित की भावना आज भी पत्रकारिता की मूल आत्मा है। उन्होंने कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही सफल पत्रकारिता की पहचान है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रभावी माध्यम भी है।

अग्निवीर

अल्मोड़ा जिले में स्थित सेना मुख्यालय में आज 282 अग्निवीर शानदार परेड के साथ भारतीय सेना के अंग बने। रानीखेत के ऐतिहासिक सोमनाथ मैदान में अग्निवीरों ने देश सेवा की शपथ ली। अग्निवीरों ने आर्मी बैंड की धुन पर कदम–कदम बढ़ाए जा खुशी के गीत गाए जा की स्वरलहरियों के बीच पासिंग आरट परेड में मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर केआरसी कमांडेंट ब्रिगेडियर गौरव बग्गा ने जवानों का हौंसला बढ़ाया और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को पदक देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि कुमाऊं रेजिमेंट का गौरवशाली इतिहास रहा है। देश की सरहदों की सुरक्षा में केआरसी से प्रशिक्षण लेकर वीर सैनिक जुटे हैं, जो पूरे कुमाऊं के लिए गौरव की बात है।